जवाहर नवोदय विद्यालय (2013)

प्रवेश परीक्षा कक्षा-9 (प्रश्न-पत्र)

भाग-I : हिन्दी

निर्देश (प्र.सं. 1-8): (i) *आठवें प्रश्न का उत्तर उसके साथ दिये गए खाली स्थान पर ही लिखें।*

(ii) *शेष सभी प्रश्नों के साथ उनके चार-चार उत्तर दिए हैं। जिनमें से केवल एक ही सही है। सही उत्तर चुनकर उसके अक्षर पर घेरा (O) लगाइए।*

1. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?
   (a) एक बात पूछूँ?
   (b) हाँ, हाँ अवश्य पूछिए।
   (c) आप हमारे घर कब आओगे?
   (d) अगले सप्ताह आऊँगा।

2. मिल-जुलकर रहना जीवन है, पर द्वेष-भाव रखना.....है।
   उपर्युक्त वाक्य में रिक्त-स्थान के लिए सबसे उपयुक्त विलोम (शब्द) होगा-
   (a) मरना (b) मौत
   (c) देहावसान (d) मरण

3. समुद्र का पर्यायवाची नहीं है-
   (a) सिन्धु (b) सिंध
   (c) जलधि (d) उदधि

4. वहाँ चारों ओर घोर अंधकार है।
   उपर्युक्त वाक्य में अंधकार की व्याकरणिक कोटि (पद-भेद) क्या है?
   (a) विशेषण (b) संज्ञा
   (c) सर्वनाम (d) क्रिया-विशेषण

5. कौन-सा शब्द 'महान्' से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है ?
   (a) महत्त्व (b) महत्ता
   (c) महानता (d) महत्त्वता

6. 'परीक्षा में प्रथम आने पर वह <u>बहुत ही खुश</u> हुआ।'
   उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित भाग के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा-
   (a) आपा खो बैठा
   (b) फूला नहीं समाया
   (c) कूदता-फिरता रहा
   (d) घर का चिराग बन गया

7. दो घण्टे तक खेलने के बाद मुट्ठीभर चने खाने को मिले, तो कहना पड़ता है .....
   रिक्त-स्थान के लिए उपयुक्त लोकोक्ति होगी -
   (a) हाथी के मुँह में चपाती
   (b) ऊँट के मुँह में जीरा
   (c) कंगाली में आटा गीला
   (d) मृदंग के मुख पर आटे का लेप

8. 'भवन-भुवन' भिन्नार्थक शब्दों के उचित युग्मों का चयन कीजिए-
   (a) मकान-संसार (b) पराक्रम-ग्रंथ
   (c) हंस-घर (d) मकान-घर

निर्देश (प्र.सं. 9-12) : *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर (विकल्प) को इंगित कीजिए-*

जोखिम भरे नए कामों की तलाश करते हुए जमशेदजी अब फलों के राजा आम के निर्यात करने की सम्भावनाओं पर विचार कर रहे थे। मुम्बई के बाहर और देश के अन्य भागों में आम खूब पैदा होता है। जमशेदजी और उनके पिता ने नवसारी में आम के बाग लगाए थे। आम की सम्पूर्ण फसल की खपत देश में ही हो जाती थी और उसका निर्यात व्यवसाय बिल्कुल नहीं होता था। पिछले कई वर्षों से जमशेदजी इंग्लैण्ड में अपने एक मित्र सर जॉर्ज बर्डवुड को आम भेजते रहे थे। बर्डवुड को आम बहुत पसन्द थे और उन्होंने अपने कुछ अन्य मित्रों से भी समय-समय पर थोड़ी मात्रा में आम भेजते रहने की व्यवस्था कर रखी थी। जमशेदजी ने सोचा कि आम तथा दूसरे भारतीय फलों को मुम्बई से लंदन निर्यात किया जाना लाभदायक होगा। इस व्यवसाय के लिए उनके दिमाग में फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया से आने वाले उन जहाजों का उपयोग करने का विचार था, जिनमें ठण्डे भण्डारगृहों की व्यवस्था थी। इस व्यवसाय द्वारा वह अधिक-से-अधिक धन अर्जित करना चाहते थे।

9. जमशेदजी ने आम निर्यात करने की योजना क्यों बनाई?
   (a) शौक के कारण
   (b) बर्डवुड को आम प्रिय होने के कारण
   (c) धन कमाने के लिए
   (d) विदेशी मित्रों को संतुष्ट करने के लिए

Scanned with OKEN Scanner

10. जमशेदजी के मित्र जॉर्ज बर्डवुड कहाँ रहते थे?
(a) इंग्लैण्ड (b) लंदन
(c) फ्रांस (d) ऑस्ट्रेलिया

11. कैसे जहाजों का उपभोग करने का विचार किया गया?
(a) जिनमें आम रखने की जगह हो
(b) जो इग्लैण्ड से आ रहे हों
(c) जिनसे अधिक धन अर्जित हो सके
(d) जिनमें ठण्डे भण्डारगृहों की व्यवस्था हो

12. 'निर्यात व्यवसाय' शब्द का अर्थ है-
(a) वस्तुओं को इकट्ठा करने का धंधा
(b) वस्तुओं को बाहर भेजने का धंधा
(c) वस्तुओं को बाहर से लाने का धंधा
(d) वस्तुओं को पैदा करने का धंधा

13. 'यदि विद्यालय का अवकाश होता तो हम बाजार जाते।' वाक्य मे कौन-सा काल है ?
(a) आसन्न भूतकाल (b) हेतु हेतु मद् भूतकाल
(c) आसन्न वर्तमान काल (d) संदिग्ध भूतकाल

14. 'सोहन स्कूल जाता है।' वाक्य में क्रिया है-
(a) सकर्मक (b) अकर्मक
(c) द्विकर्मक (d) प्रेरणार्थक

15. 'मोहन ने कहा कि मै कक्षा में प्रथम आया हूँ। वाक्य है-
(a) सरल वाक्य (b) मिश्रवाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं

भाग-II : ENGLISH

DIRECTIONS (Qs. 16-20): *Read the following passage carefully andanswer the questions that follow.*

It is not luck but labour that makes men. Luck, says an American writer, is ever waiting for something to turn up "labour with keen eyes and strong will always turns up" something. Luck lies in bed and wishes the postman would bring him news of a legacy, labour turns out at six and with busy pen and ringing hammer lays the foundation of competence. Luck whines, labour watches. Luck relies on chance, labour on character. Luck slips downwards to self-indulgence; labour strides upwards and aspires to independence. The conviction, therefore, is extending that diligence is the mother of good luck; in other words, that aman's success in life will be proportionate to his efforts, to his industry, to his attention to small things.

16. What is the meaning of the word 'legacy'?
(a) A sad or disappointing news.
(b) Bankruptcy or misfortune.
(c) Money or property left to someone in a will.
(d) None of the above.

17. What would be the synonym of the word'stride'?
(a) Retreat (b) March
(c) Delay (d) Wait

18. What is the meaning of the proverb 'dilligence' is the mother of good luck'?
(a) If a person is born in a rich and aristocratic family, he is considered lucky.
(b) If one works carefully and constantly, one's chances of being successful will be much greater.
(c) Bravery brings good luck.
(d) None of the above.

19. According to the passage what is the most important thing for success?
(a) Hard work (b) Only luck
(c) Noble parentage (d) All of the above

20. Which word in the passage means 'to complain or express disappointment or unhappiness repeatedly'?
(a) Whine (b) Keen
(c) Aspire (d) Hammer

21. Fill in the blank with the correct option.
You ..... introduce yourself, he might not remember you.
(a) should (b) can
(c) could (d) may

DIRECTIONS (Qs. 22-23): *Fill in the blank with the correct preposition.*

22. The author's wife was a good editor.....being a great writer herself.
(a) besides (b) by
(c) with (d) on

23. He is much.....me.....rank.
(a) between. in (b) with, for
(c) into. for (d) below, in

24. Find out which part of a sentence has an error: If there is no error, mark your answer as 'No error'.
(a) Mr. Roy's youngest son
(b) is fond of
(c) playing a harmonium
(d) No error

Scanned with OKEN Scanner

25. Choose the one which is the correct indirect speech the sentence given below.
He said. "I can speak four languages."
(a) He boasted that he will be able to speak four languages.
(b) He boasted that he can speak four languages.
(c) He boasted that he would speak four languages.
(d) He boasted that he could speak four languages.

26. Choose the one which is the correct ActiveVoice of the sentence given below.
By whom were you given these orders?
(a) Who gave you these orders?
(b) Who has given you these orders?
(c) Who had given you these orders?
(d) Who was giving you these orders?

27. Rearrange the parts of the sentence incorrect order.
Life:
P : is a Q : great
R : teacher
(a) QRP (b) RPQ
(c) PQR (d) QPR

28. Select one word of the given phrase.
One who hoards wealth and spends as little money as possible :
(a) Member (b) Macho
(c) Miser (d) Militant

29. Select the one which in opposite in meaning of the given word.
Kindness:
(a) Meanness (b) Service
(c) Shameful (d) Fatal

30. Select the correctly spelt word.
(a) Geometry (b) Gemetry
(c) Goemetry (d) Geometrey

भाग-III : गणित

निर्देश (प्र.सं. 31-65): *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनकर उसको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रिका पर उपयुक्त स्थान पर दर्शाना है।*

31. यदि $x * y * z = \sqrt{\frac{(x+2)(y+3)}{z+1}}$ हो, तो $6 * 5 * 3$ का मान क्या होगा?
(a) 9 (b) 8
(c) 6 (d) 4

32. $\sqrt{128 + \sqrt{260 - \sqrt{16}}}$ का मान क्या होगा?
(a) 9 (b) 12
(c) 15 (d) 17

33. एक संख्या का $\frac{2}{5}$ का $\frac{1}{4}$, 540 हो, तो उस संख्या का $\frac{1}{2}$ क्या होगा?
(a) 2700 (b) 2500
(c) 2000 (d) 3200

34. किसी कक्षा में 15 बच्चों की औसत आयु 12 वर्ष है। यदि उसमें एक शिक्षक की आयु जोड़ दें, तो औसत 1 वर्ष बढ़ जाता है। शिक्षक की आयु क्या होगी?
(a) 20 वर्ष (b) 28 वर्ष
(c) 30 वर्ष (d) 24 वर्ष


35. प्रवीण की आज की आयु रूपेश की 2 वर्ष पूर्व की आयु की दोगुनी है। यदि आज उनकी आयु में 2 वर्ष का अन्तर है, तो प्रवीण की आयु क्या होगी?
(a) 5 वर्ष (b) 12 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 8 वर्ष

36. यदि एक रेलगाड़ी, जिसकी गति 80 किमी/घण्टा है, पटरी के पास खड़े व्यक्ति को 9 सेकण्ड में पार कर जाती है, तो रेलगाड़ी की लम्बाई क्या होगी?
(a) 175 मी (b) 150 मी
(c) 250 मी (d) 200 मी

37. ₹ 2200 पर 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्ष में साधारण ब्याज तथा चक्रवृद्धि ब्याज में क्या अन्तर है?
(a) ₹ 9.50 (b) ₹ 5.50
(c) ₹ 6.50 (d) ₹ 8

Scanned with OKEN Scanner

38. चित्र में कोण की माप दी गई हैं, $x+y$ बराबर है




(a) 90° (b) 85°
(c) 70° (d) 65°

39. A और B मिलकर किसी कार्य को 8 दिन में कर सकते हैं। यदि A अकेला इस कार्य को 12 दिन में करे, तो B उस कार्य को कितने दिनों में कर लेगा?

(a) 9 (b) 18
(c) 24 (d) 12

40. चित्र में x का मान है




(a) 75° (b) 185°
(c) 285° (d) 245°

41. एक पंचभुज के कोण 1 : 2 : 3 : 5 : 9 अनुपात में हैं। सबसे बड़ा कोण क्या होगा ?

(a) 195° (b) 155°
(c) 243° (d) 260°

42. चित्र में, $ABCD$ और $PQRC$ आयत है जहाँ Q, AC का मध्य बिन्दु है, तो कौन-सा कथन सत्य है?



(a) $DP = PC$ (b) $\frac{1}{3} PR = \frac{3}{2} DB$

(c) $DP = PQ$ (d) $DP = \frac{1}{2} AC$

43. साधारण ब्याज की दर से 3 वर्ष में ₹ 800 की राशि ₹ 920 हो जाती है। यदि ब्याज की दर 3% बढ़ जाए, तो राशि कितनी हो जाएगी?

(a) ₹ 980 (b) ₹ 950
(c) ₹ 1050 (d) ₹ 992

44. यदि टीवी और फ्रिज के मूल्य में 3 : 2 का अनुपात है तथा टीवी का मूल्य फ्रिज के मूल्य से ₹ 6000 अधिक है, तो फ्रिज का मूल्य क्या होगा ?

(a) ₹ 15000 (b) ₹ 12000
(c) ₹ 9000 (d) ₹ 16000

45. निम्न की माध्यिका ज्ञात कीजिए।
25, 34, 31, 23, 22, 26, 35, 29, 20, 32

(a) 31.5 (b) 18.5
(c) 21.5 (d) 27.5

46. यदि y का $x\%$ वही है, जो 80 का $\frac{4}{5}$ है, तो xy का मान क्या होगा?

(a) 5400 (b) 6400
(c) 4900 (d) 5600

47. एक टीम के 11 खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए रनों का औसत 60 है। यदि कप्तान द्वारा बनाए गए रनों को ध्यान में न लिया जाए, तो बचे हुए खिलाड़ियों के रनों का औसत 5 से बढ़ जाता है। कप्तान ने कितने रन बनाए?

(a) 10 (b) 55
(c) 35 (d) 45

48. 100 मी × 80 मी क्षेत्रफल के एक आयताकार मैदान के चारों ओर बाहर 2 मी चौड़ा एक मार्ग बनाना है। यदि मार्ग बनाने में ₹ 150 प्रति वर्ग मीटर खर्च पड़े, तो मार्ग बनवाने में कितना खर्च होगा?

(a) ₹ 110560 (b) ₹ 110400
(c) ₹ 110320 (d) ₹ 110445

49. मोहन ने 6 वर्ष के लिए 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कुछ धन उधार लिया। यदि कुल ब्याज ₹ 1230 चुकाया गया, तो उसने कितने रुपये उधार लिए थे?

(a) 5500 (b) 4100
(c) 5600 (d) 4500

Scanned with OKEN Scanner

50. यदि तीन संख्याएँ 3 : 4 : 6 के अनुपात में हैं तथा गुणनफल 1944 है, तो सबसे बड़ी संख्या क्या होगी?
(a) 18 (b) 15
(c) 21 (d) 27

51. 8 सेमी लम्बी रेखा को व्यास मानकर एक वृत्त बनाया गया है तथा वृत्त के केन्द्र से 3 सेमी की दूरी पर एक जीवा खींची जाती है, जीवा की लम्बाई क्या होगी?
(a) $\sqrt{28}$ (b) $\sqrt{26}$
(c) $\sqrt{18}$ (d) $\sqrt{12}$

52. किसी समकोण त्रिभुज का कर्ण 25 सेमी लम्बा है। यदि उस त्रिभुज की दो अन्य भुजाओं में 5 सेमी का अन्तर हो, तो वे भुजाएँ कितने सेमी लम्बी होंगी?
(a) 18 (b) 10
(c) 15 (d) 20

53. एक वर्ग तथा उसके विकर्ण पर खींचे गए वर्ग के क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा?
(a) 2 : 3 (b) 3 : 4
(c) 1 : 2 (d) 1 : 4

54. यदि $2^{x+3} \cdot 4^{2x-5} = 2^{3x+7}$, तब x का मान ज्ञात कीजिए।
(a) 8 (b) 9
(c) 10 (d) 7

55. एक विद्यार्थी ने किसी संख्या को $\frac{5}{3}$ से गुणा करने के स्थान पर $\frac{3}{5}$ से गुणा कर दिया। परिकलन में प्रतिशत त्रुटि क्या होगी?
(a) 68% (b) 48%
(c) 55% (d) 64%

56. यदि समीकरण $x^2 + x + 1 = 0$ के मूल a व b हों, तो $a^2 + b^2$ का मान ज्ञात कीजिए।
(a) -2 (b) 3
(c) 4 (d) -1

57. यदि $\log_x 2 = \frac{1}{2}$, तब x का मान क्या होगा?
(a) 2 (b) 5
(c) 9 (d) 4

58. $(6 - x - x^2)$ के गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए।
(a) $(x+3)(2-x)$ (b) $(x-3)(x+2)$
(c) $(x+3)(x-2)$ (d) $(x-3)(x+3)$

59. $6.\overline{88} - 2.\overline{58}$ का मान ज्ञात कीजिए।
(a) $4.\overline{30}$ (b) $5.\overline{20}$
(c) $3.\overline{21}$ (d) $6.\overline{34}$

60. वह सबसे छोटी संख्या जिसे 4, 6, 8 और 9 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में शून्य शेष आता हो तथा 13 से भाग देने पर 7 शेष आता हो, होगी
(a) 144 (b) 72
(c) 36 (d) 85

61. दो संख्याओं के वर्गों का योग 386 है। यदि एक संख्या 5 है, तो दूसरी होगी
(a) 18 (b) 19
(c) 15 (d) 20

62. एक व्यक्ति अपने बाग में 5184 सन्तरों के पेड़ लगाता है तथा उन्हें इस प्रकार व्यवस्थित करता है कि बाग में उतनी ही पंक्तियाँ रहें जितने एक पंक्ति में पेड़ है। बाग में कितनी पंक्तियाँ हैं?
(a) 70 (b) 72
(c) 75 (d) 81

63. उस न्यूनतम संख्या, जिससे 1800 को गुणा करने पर एक पूर्ण घन संख्या प्राप्त हो, के अंकों का योग होगा
(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 8

64. ₹ 5 के 6 की दर से केले खरीदकर ₹ 6 के 5 की दर से बेचे जाते हैं। लाभ प्रतिशत है
(a) 36 (b) 42
(c) 44 (d) 48

65. यदि $(\sqrt{5})^7 \div (\sqrt{5})^5 = 5^P$ है, तो P का मान क्या होगा?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

भाग-IV : सामान्य विज्ञान

निर्देश (प्र.सं. 66-100): *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनकर उसको ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका पर उपयुक्त स्थान पर दर्शाना है।*

Scanned with OKEN Scanner

66. न्यूटन एवं डाइन में सम्बन्ध होता है
(a) 1 न्यूटन = 10^{10} डाइन
(b) 1 न्यूटन = 10^5 डाइन
(c) 1 न्यूटन = 10^2 डाइन
(d) 1 न्यूटन = 2 डाइन

67. 'तरल पदार्थ में किसी बिन्दु पर लगाया गया दाब सभी दिशाओं में समान रूप से संचारित होता है।' यह किस नियम से है?
(a) दाब के नियम से (b) पास्कल के नियम से
(c) उत्प्लावन के नियम से (d) बॉयल के नियम से

68. 120 सेमी^{2} क्षेत्रफल पर 30 न्यूटन का बल लगाने पर आरोपित दाब होगा
(a) 2.5×10^3 न्यूटन/मी^{2} (b) 5×10^4 न्यूटन/मी^{2}
(c) 2.5×10^2 न्यूटन/मी^{2} (d) 5×10^3 न्यूटन/मी^{2}

69. सामान्य मानव नेत्र के लिए दृष्टि परास है
(a) अनन्त से 25 सेमी (b) शून्य से 25 सेमी
(c) अनन्त से 60 सेमी (d) अनन्त से 50 सेमी

70. चुम्बक का रासायनिक सूत्र होता है
(a) Fe_2O_3 (b) Fe_3O_4
(c) FeO_4 (d) Fe_3O_6

71. धारावाही चालक के चुम्बकीय प्रभाव का पता किसने लगाया था?
(a) रदरफोर्ड ने (b) ऑर्स्टेड ने
(c) जे.जे. थॉमसन ने (d) गिलबर्ट ने

72. विद्युत विभवान्तर का मात्रक होता है
(a) जूल (b) एम्पियर
(c) वोल्ट (d) ओम

73. 30 ओम प्रतिरोध वाले यूरेका के सिरों के बीच 12 वोल्ट का विभवान्तर है, तो तार में बहने वाली धारा का मान होगा
(a) 0.4 ऐम्पियर (b) 0.8 ऐम्पियर
(c) 0.2 ऐम्पियर (d) 1.5 ऐम्पियर

74. स्वतन्त्रतापूर्वक लटकाई गई चुम्बक किस दिशा में ठहरती है?
(a) पूर्व-पश्चिम (b) उत्तर-दक्षिण
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

75. मानव नेत्र में किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनता है
(a) रेटिना पर (b) रेटिना के पीछे
(c) रेटिना के आगे (d) इनमें से कोई नहीं

76. हीरे का कौन-सा गुण शीशे को काटने के लिए महत्वपूर्ण बनाता है?
(a) विद्युत का बुरा कुचालक (b) कठोर पदार्थ
(c) घनत्व अधिक होना (d) पारदर्शक होना

77. ..... कार्बन के अपरूप हैं।
(a) हीरा और ग्रेफाइट
(b) हीरा और एल्युमीनियम
(c) कोयला और ग्रेफाइट
(d) हीरा और चारकोल

78. एल.पी.जी. का मुख्य अवयव है
(a) मेथेन (b) एथेन
(c) ब्यूटेन (d) प्रोपेन

79. निम्न में किस धातु को 'भविष्य की धातु' के नाम से जाना जाता है?
(a) क्रोमियम (b) सोना
(c) टाइटेनियम (d) मैगनीज

80. दूध से दही बनाना कौन-सा परिवर्तन है?
(a) भौतिक परिवर्तन
(b) रासायनिक परिवर्तन
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

81. कौन-सी धातु पानी पर तैरती है?
(a) लोहा(b) फास्फोरस
(c) सोडियम (d) एल्युमीनियम

82. निम्न अभिक्रिया पूर्ण होगी।
$Zn + CuSO_4 \rightarrow ... + Cu$
(a) ZnO (b) $ZnSO_4$
(c) ZnS(d) CuO

83. सबसे अच्छा नाइट्रोजन युक्त उर्वरक है
(a) नागल उर्वरक
(b) यूरिया
(c) जैविक उर्वरक
(d) अमोनिया युक्त यौगिक

Scanned with OKEN Scanner

84. काँच के निर्माण के समय, मैगनीज डाइऑक्साइड (MnO_2) का योग, काँच को प्रदान करता है
(a) पीला रंग (b) लाल रंग
(c) बैंगनी रंग (d) गुलाबी रंग

85. लोहे के संक्षारण को उत्प्रेरित करने वाला कारक है
(a) Fe (b) Zn
(c) O_2 (d) H^+

86. सजीव व निर्जीव के बीच की कड़ी को कहा जाता है
(a) आर्कियोपटेरिक्स (b) कोशिका
(c) समस्थैतिकता (d) अनुकूलता

87. द्विनाम पद्धति का जनक किसे कहा जाता है?
(a) डार्विन को
(b) मेण्डल को
(c) कैरोलस लिनियस को
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

88. खूनी पेचिश किस हानिकारक जीव के कारण होती है?
(a) एन्टअमीबा
(b) परजीवी (प्लाज्योडियम)
(c) विषाणु
(d) कवक

89. पौधे में पाए जाने वाले जाइलम एवं प्लोएम हैं
(a) कोशिका (b) ऊतक
(c) अंगतन्त्र (d) अंग

90. किस विटामिन की कमी के कारण स्कर्वी रोग हो जाता है?
(a) विटामिन B (b) विटामिन A
(c) विटामिन D (d) विटामिन C

91. कोशिका का ऊर्जा ग्रह कहलाता है
(a) राइबोसोम (b) माइटोकॉण्ड्रिया
(c) लाइसोसोम (d) हरित लवक

92. मेण्डल ने आनुवंशिकता सम्बन्धी प्रयोग किए थे
(a) सरसों के पौधे पर (b) मटर के पौधे पर
(c) चूहों पर (d) जीवाणुओं पर

93. 'जाति की उत्पत्ति' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई
(a) 1859 ई. में (b) 1879 ई. में
(c) 1901 ई. में (d) 1805 ई. में

94. सामान्य मनुष्य का तापक्रम (°C) में होता है
(a) 40 (b) 37
(c) 30 (d) 25

95. विटामिन शब्द की खोज किसने की?
(a) लुनिन ने (b) फुंक ने
(c) एडीसन ने (d) लैमार्क ने

96. निम्न में से ऊर्जा का मात्रक नहीं है
(a) कैलोरी (b) जूल
(c) इलेक्ट्रॉन वोल्ट (d) वॉट

97. न्यूटन के गति का प्रथम नियम व्यक्त करता है
(a) ऊर्जा (b) कार्य
(c) जड़त्व (d) जड़त्व आघूर्ण

98. किसी असंपीडय द्रव के लिए आयतन गुणांक का मान होता है
(a) शून्य
(b) इकाई
(c) अनन्त
(d) शून्य एवं एक के बीच

99. सेण्टीग्रेड स्केल पर एक वस्तु का ताप 30° से बढ़ जाता है। ताप में यह वृद्धि फॉरेनहाइट स्केल पर होगी
(a) 50° (b) 40°
(c) 30° (d) 54°

100. ऊष्मा संचरण का सबसे तेज माध्यम है
(a) चालन (b) संवहन
(c) विकिरण (d) इनमें से कोई नहीं

Scanned with OKEN Scanner